हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री




14 दिशा की बैठक में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं...





14 कृषि उत्पादन जैविक खाद श्री विधि कतार के बारे ...




## खबर संक्षेप

### बाजार स्थल पर शराब पीना महंगा पड़ा, जुर्म दर्ज



कांकेर। चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि लखनपुरी साप्ताहिक बाजार स्थल में कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर बैठ कर शराब पी रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 16 जुलाई को शाम 6 बजें छापामार कार्रवाई की। मौके पर आरोपी बाजारपारा लखनपुरी निवासी 51 वर्षीय सुरेश पटेल पिता हिरामन पटेल मिला, जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब और दो नग प्लास्टिक का डिस्पोजल गिलास मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) 1 आबकारी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आपदा पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील शेष पेज 12 पर

कार्रवाई : नक्सलियों के लिए मुख्य सामग्री सप्लाई करने में थी अहम भूमिका

# नक्सलियों को आश्रय देने और सहयोग करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

फोर्स का अंदरूनी ईलाकों पर लगातार गश्त बढ़ने से नक्सली बैकफुट में है, ऐसे में गाँव के प्रभावशाली लोग नक्सलियों की लगातार मदद करते आ रहे है। कांकेर पुलिस ने नक्सलियों की लगातार मदद करने वाले पूर्व सरपंच को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमाँड में जेल भेजा गया। पुलिस से बचने के लिए पुलिस पर कई बार आरोप लगाया और आमाबेड़ा में रैली निकलवाकर पुलिस पर दबाव डालने का प्रयास भी कर चुका है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. एवं कांकेर डीआईजी अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण तथा डीएसपी नक्सल ऑपरेशन गिरिजाशंकर साव, डीएसपी डीआरजी अविनाश ठाकुर और डीएसपी प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में थाना आमाबेड़ा के अपराध 16/2022 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि. 25, 27, आर्म्स एक्ट 23, 38(2), 39(2), 17, 18-I, 19 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के मामले में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर डिवीजन के कुंएमारी-किसकोड़ो एरिया कमेटी के बड़े कैडर के नक्सलियों को अपने घर में छिपाकर रूकवाकर आश्रय देने, अपने साथियों के साथ नक्सली शहीद सप्ताह मीटिंग व जन अदालत के आयोजन करने और नक्सलियों के लिए सामग्री सप्लाई करने वाला नक्सली सहयोगी आरोपी रमेश कुमार मंडावी पिता रजमन मंडावी उम्र 35 वर्ष निवासी कोकवार ग्राम अर्रा थाना आमाबेडा को 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया। इसी तरह से इस ईलाक में अन्य फरार नक्सलियों एवं उनके सहयोगियों की पतासाजी जारी है। पुलिस इसी तरह से मदद करने वाले अन्य आरोपियों को जेल की सलाखों में भेजेगी।

### खास बातें

- हत्या जैसी घटना के वारदात में नक्सलियों का करता था सहयोग
- गिरफ्तार मददगार अर्रा ग्राम पंचायत का रह चुका है सरपंच, क्षेत्र में था दबदबा

### मददगार बचने के लिए कर रहे उपाय



आमाबेड़ा ईलाके में एनआईए और पुलिस ने कई मददगारों को चिन्हांकन कर चुकी है। एनआईए कई मददगारों को जेल भेज चुकी है, वहीं पुलिस की यह पहली कार्यवाही है। आमाबेड़ा ईलाके में कई चिन्हांकित मददगार आज भी खुले आम घूम रहे है। पुलिस इन पर नजर बनाए हुए है और उनकी गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए है। नक्सलियों के मददगार अपने आपको बचाने के लिए कई तरह से हथकंडे अपनाने में लगे है, वहीं पुलिस पुख्ता सबूत मिलने पर मददगारों पर लगातार कार्यवाही कर रही है।

### पुनर्वास नीति का उठाए लाभ

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने अपील किया है कि नक्सली आत्मसमर्पण कर छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर मुख्य धारा में शामिल होवे। इसके साथ यह भी अपील करती है कि नक्सलियों को किसी प्रकार का कोई सहयोग या सप्लाई न करें। नक्सलियों के सहयोग एवं सप्लाई करने की जानकारी मिलने पर उन पर भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना तय है।

# धनेली से पटेलपारा में पुलिया एवं सीसी सड़क नहीं होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

बारिश में आने जाने में दिक्कत हो जाती है, नहीं ली गई सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर



धनेली से पटेलपारा तक जाने के लिए पुलिया एवं सीसी सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ रहा है। बारिश होने के कारण यह दिक्कत बढ़ जाती है और मार्ग में चलने वाले लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत बसे ग्राम धनेली मार्ग पर धनेली से पटेलपारा पर पुलिया एवं क्रंकीट सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बरसात के समय नाले में जल भराव होने से आने जाने वालों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। इन दिनों ज्यादा जल भराव होने कि स्थिति में ज्यादा कीचड़ होने से सड़क पर लोगों कि गाड़ियां एवं सायकल स्लिप हो रहे है और आए दिन स्लिप होकर गिर रहे है । ग्रामीण लगातार पुलिया एवं सड़क बनाने शेष पेज 12 पर

### स्कूली बच्चों को बारिश में होती है दिक्कत

बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों कि परेशानियां बढ़ जाती है एक तो कच्ची सड़क व दूसरी ओर बारिश के बाद सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाने से आवागमन करने वाले स्कूली छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन चाहे तों संज्ञान लेकर भानुप्रतापपुर ब्लाक के दूरस्थ पहाड़ी अंचल के ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कर सकती है।

# खाना बनाने को लेकर कलयुगी बेटे ने बुजुर्ग पिता से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



बुजुर्ग पिता को आधी रात में शराब के नशे में धुत बेटे ने खाना पीना का व्यवस्था अलग से करने की बात बोला और विवाद करने लगा। बुजुर्ग पिता ने राशन दुकान से लाए गए 60 किलो चांवल में से 20 किलो चावल की माँग किया। इस पर कलयुगी बेटे ने बुर्जुग पिता के साथ मारपीट किया। बुजुर्ग पिता ने मारपीट की शिकायत चारामा थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे रतेसरा निवासी 63 वर्षीय रामरतन यादव पिता स्व. संतूराम यादव ने पुलिस को बताया कि मेरा छोटा लड़का विजय कुमार यादव ने 15 जुलाई की रात 11 बजें शराब के नशे में मुझे बोले की अपना खाना पीना कि व्यवस्था स्वयं करो। छोटे बेटे से कहा कि राशन दुकान से 60 किलो चांवल लाए हो, उसमें से मुझे खाने के लिए 20 किलो चावल दे दो। चांवल मांगने पर कलयुगी बेटे ने बुर्जुग पिता के साथ गाली गालौच करते हुए मारपीट किया और चांवल नहीं देने की बात शेष पेज 12 पर

# कच्चे के स्कूल भवन की मरम्मत होने के बावजूद स्थिति बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम कच्चे के शासकीय स्कूल भवन में स्कूल जतन योजना के तहत किए गए कार्यों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत मिडिल और हाइ स्कूल मिलाकर लगभग 18 लाख के आसपास का बजट आया था, पर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में टाइल्स लगाने और रंग-रोगन कर औपचारिकता पूरी कर दी गई है, जबकि मूलभूत समस्या को अनदेखा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार हाई स्कूल, मिडिल कूल और प्राथमिक शाला तीनों संस्थान एक ही परिसर में स्थित हैं, लेकिन बारिश के दौरान इन भवनों की स्थिति बेहद दयनीय हो जाती है। अधिकांश कक्षाओं की छतें टपकती रहती हैं, जिससे विद्यार्थियों का बैठकर पढ़ना भी दूभर हो गया है। प्राथमिक स्कूल में स्कूल जतन योजना के अंतर्गत कोई भी कार्य नहीं किया गया है। बरसात शेष पेज 12 पर

### समस्याएं नहीं हो रही कम






## खबर संक्षेप

### दो बाइक में हुई टक्कर तीन लोग हुए घायल



**केशकाल।** ग्राम बहीगांव व्यापारीपारा में गुरुवार की करीब 12 बजे दो बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक में सवार ग्राम पलोरा निवासी अरविन्द मरकाम पिता बालसिंह मरकाम निवास और महेश मरकाम पिता सुकलाल मरकाम निवासी देवतरा भर्रीपारा और दूसरे बाइक में सवार जितेंद्र मरकाम पिता मंगलू राम मरकाम घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेस से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया है। सभी का उपचार जारी है।

### बेलभाटा में पेड़ से टकराई बाइक, चालक घायल



**फरसगांव।** ब्लॉक के बड़ेडोंगर बेलभाटा में गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक युवक ग्राम मरकड़ा कोटपाड निवासी सुभाष चंद नाग पिता महेश नाग उम्र 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर जिसे बड़ेडोंगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल घायल को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवाया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेश से उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### आवंटित आवास राशि जमा कर सकेंगे 21 तक कर सकेंगे

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक एएचपी अंतर्गत मोर मकान मोर आस किरायानीति के तहत वीर सावरकर एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया गया था। उक्त आवास के लिए शत प्रतिशत हितग्राही अंशदान के न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाना था। जिन हितग्राहियों द्वारा आवंटन उपरांत कोई भी राशि जमा नहीं किया गया है। उन्हें 21 जुलाई तक राशि जमा करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित आवास स्वतः ही बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।

### आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल ग्राम सिंगनपुर निवासी हेमबती बघेल की मृत्यु बिजली गिरने से पति मेघनाथ बघेल को, तहसील बकावण्ड ग्राम छोटेदेवड़ा निवासी थबीर गोयल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता जयमन गोयल को और तहसील भानपुरी ग्राम घेटिया निवासी लेड़गा बन्छोर की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती सामबती बन्छोर को प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### आपदा पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील डौण्डी जिला बालोद के ग्राम जमही निवासी 51 वर्षीय रामचंद कड़ियाम की डबरी, तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित बिसरो कौड़ो को चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बाजार स्थल पर शराब पीना महंगा पड़ा, जुर्म दर्ज

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि लखनपुरी साप्ताहिक बाजार स्थल में कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर बैठ कर शराब पी रहे है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोण्डागांव को बड़ी सफलता, देश में मिला 75 वां रैंक

## कुल 12,500 अंकों में से कोण्डागांव ने 9,357 अंक अर्जित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोण्डागांव को बड़ी सफलता मिली है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 17 जुलाई को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में कोण्डागांव ने 20,000 से 50,000 की जनसंख्या श्रेणी में 75वां रैंक हासिल किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कुल 12,500 अंकों में से, कोण्डागांव ने 9,357 अंक अर्जित किए। शहर को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए लगातार ओडीएफ़ का दर्जा बनाए रखना भी इस उपलब्धि का एक महत्वपूर्ण कारण है।

सीएमओ कोण्डागांव दिनेश डे ने बताया कि वर्ष 2022 में भी कोण्डागांव ने इंडियन स्वच्छता लीग में अपना स्थान बनाया था। निकाय अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए अपनी तैयारी और बेहतर ढंग से करने के लिए अग्रसर है। उन्होंने नागरिकों से भी पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।





### सबके सहयोग से मिली सफलताः सीएमओ

सीएमओ कोण्डागांव दिनेश डे ने इस उपलब्धि का श्रेय शहर के नागरिकों, स्वच्छता कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और सभी के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में कोण्डागांव ने पहली बार इतना अच्छा रैंक हासिल किया है, जो शहर के लिए गर्व की बात है।

## पहल : कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी कर रहे ई-ऑफिस का उपयोग

# जिला कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली की गई लागू, सभी कार्य हुए डिजिटल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाने के उद्देश्य से कोण्डागांव जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जिला कार्यालय के सभी शासकीय कार्य ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे हैं।

कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी कर रहे ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी जिला कार्यालय विभागों को निर्देश दिए हैं कि फाइलें और नोटशीट केवल ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रस्तुत की जाएं। इस नई व्यवस्था पर तुरंत अमल शुरू हो गया है। कलेक्टर के साथ–साथ जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और अपर कलेक्टर भी अब फाइलों की प्रस्तुति और स्वीकृति ई–ऑफिस के जरिए ही कर रहे हैं। इस प्रणाली से शासकीय कार्यों की प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक तेज, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है। ई–ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन में जिला सूचना अधिकारी हेमंत भगत और जिला लाइवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### डिजिटल गवर्नेंस से दक्षता और पारदर्शिता

राज्य सरकार डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए। छत्तीसगढ़ सरकार ने ई– गवर्नेंस को प्रभावी ढंग से लागू किया है। जिससे सरकारी सेवाएं अधिक सुगम और उत्तरदायी बन रही हैं।

### ई–ऑफिस प्रणाली के प्रमुख लाभ

रियल–टाइम ट्रैकिंग फाइलों की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। तेज अनुमोदन प्रक्रिया अनुमोदन में लगने वाला समय कम होगा, जिससे निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। दस्तावेजों की सुरक्षा डिजिटल माध्यम से दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। डुप्लीकेशन पर रोक अनावश्यक दोहराव को रोका जा सकेगा। कागजी कार्रवाई में कमी कागज के उपयोग और परिवहन पर होने वाले व्यय में कमी आएगी। कार्यक्षमता में सुधार कार्यालयों की समग्र कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और समय की बचत होगी। यह पहल सरकारी कामकाज में आधुनिकता लाते हुए, नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# बीएसएफ जवानों ने घायल ग्रामीण की जान बचाकर दिया मानवता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र परतापुर थाना अंतर्गत महला गांव में तैनात 47 वीं बटालियन बीएसएफ के जवानों ने एक गंभीर रूप से घायल ग्रामीण महिला 47 वर्षीय कमला बाई पति बहादुर गावड़े की जान बचाकर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को 47 वीं बटालियन के बीएसएफ जवान महला गांव के आसपास जंगलों में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जवानों ने कमला बाई को गंभीर रूप से घायल अवस्था में दर्द से कराहते हुए देखा। जवानों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और आगे के इलाज के लिए महला कैंप ले गए। माहला कैंप में 47 वीं बटालियन के डॉ. तरुण कुमार ने कमला बाई के बाएं पैर में चार टांके लगाए और उन्हें आवश्यक दवाइयां भी दिया। उपचार के बाद जवानों ने सुनिश्चित किया कि कमला बाई सुरक्षित रूप से अपने घर पहुंच जाएं। यह उल्लेखनीय है कि नक्सल विरोधी अभियान में अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद, बीएसएफ जवानों की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई से एक अनमोल जान बच गई। 47वीं बटालियन बीएसएफ के जवान कोयलीबेड़ा-परतापुर मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाग्रस्त राहगीरों और ग्रामीणों की मदद कर मानवता का परिचय देते रहे हैं। उनकी यह कार्यप्रणाली न केवल उनकी कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती है।

### सरपंच मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे 21 को

**जगदलपुर।** बास्तानार जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी पंचायतों में विकास कार्यों के लिये शासन प्रशासन द्वारा पंचायतों को राशि नहीं दी जा रही है। साथ ही कुछ पंचायतों में निर्माण कार्य स्वीकृत हुए है, जिन्हें बड़े-बड़े नेताओं जनप्रतिनिधियों द्वारा बाहरी लोगों को दिये जाने की चर्चा है।

# शैक्षणिक गुणवत्ता व आधारभूत सुविधाओं में लाएं सुधारः सुखदेव



**सरोना।** ग्राम पंचायत कुम्हानखार के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला का गुरूवार को जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनु राम सुखदेव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति, खाने की व्यवस्था, शिक्षकों की कार्यप्रणाली तथा विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच किया। जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति और खेल-कूद व अन्य रचनात्मक गतिविधियों के संचालन की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने विद्यालय के शिक्षकों और ग्रामीणों से बातचीत कर स्कूलों की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने विद्यालय में कुछ आधारभूत सुविधाओं के अभाव की बात रखी, जिस पर उन्होंने जल्द ही सुधार करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों के समग्र विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन समय पर उपलब्ध कराने की बात कही।

- सीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य सोहेंन्द्र कुंजाम, सरपंच सविता मंडावी, हीराराम नेताम तथा उत्तम नेताम, शिक्षक राजेश शर्मा, राहुल यादव सहित जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कुम्हानखार और लेंडारा में आवास प्लस सर्वे का सीईओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास प्लस सर्वे की प्रगति का जायजा लेने के लिए जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनुराम सुखदेव ने गुरूवार को ग्राम पंचायत कुम्हानखार और लेंडारा का दौरा किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों की पहचान में पारदर्शिता लाना और यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी गरीब और जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सर्वे में लगे कर्मचारियों से कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार का विवरण ध्यानपूर्वक दर्ज करें। यदि किसी पात्र परिवार का नाम सूची में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे तुरंत दर्ज कर कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उन्हें योजना के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राही स्वयं भी अपने नाम के पंजीकरण की स्थिति की जानकारी लें। सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर को बदलने वाली योजना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान कुछ ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिन्हें सीईओ ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर निपटाने की बात कही। स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं गांव आकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर रहे हैं, जिससे योजना की गति तेज होगी और पात्र परिवारों को जल्द लाभ मिलेगा। निरीक्षण में जनपद सदस्य सोहेंन्द्र कुंजाम, सरपंच सविता मंडावी, हीराराम नेताम, उत्तम नेताम अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# साधुमिचगांव में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में ग्रामीणों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और मातृभक्ति का संदेश देने के लिए साधुमिचगांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, छात्रों और शिक्षकों ने एकजुट होकर पौधे रोपे, जिससे गाँव में हरियाली का संकल्प मजबूत हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में हुई, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीपल, आम और जामुन,बेल, जाम सीताफल, इमली जैसे फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया, जो न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखेंगे, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ भी एक कदम साबित होंगे। सरपंच मुकेश कुमार गावड़े ने कहा यह अभियान हमारी माँ और धरती माता के कृतज्ञता का प्रतीक है। प्रत्येक पौधा हमारी माताओं के प्रेम और त्याग को दर्शाता है। हम इन पौधों की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध हैं। जल, जमीन जंगल की सुरक्षा हमारे संस्कृति में निहित है। कार्यक्रम में शामिल संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने बताया हमने अपने बच्चों को भी इस अभियान में शामिल किया, ताकि वे पर्यावरण के महत्व को समझें और भविष्य में भी इस तरह के कार्यों में हिस्सा लें। बच्चों ने पौधरोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प ने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया। ग्राम गायता राजाराम जाड़े, उपसरपंच राकेश जाड़े, शिवलाल कोमरे, कोलूराम गावड़े, रैसुराम दर्रो व बंशीलाल गावड़े ने कहा यह अभियान हमारे गाँव के लिए गर्व का विषय है। हम अन्य गाँवों को भी इस तरह के आयोजन के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने भविष्य में और अधिक पौधरोपण और देखभाल के लिए सामुदायिक योजनाओं की घोषणा भी की। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव को भी दर्शाता है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों को पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करेंगे, ताकि साधुमिचगांव और आसपास का क्षेत्र हरा-भरा और स्वस्थ रहे।

इस अवसर पर प्रधान पाठक बालसिंह रावटे, सोमसिंह नरेटी, निरेंद्र भवसार, राजेंद्र बंजारे, राजकुमारी भुआर्य, निकिता तेता, काशीराम दर्रो, जयलु राम दुग्गा, रामलाल गावड़े , ग्रामीण नागेश गावड़े, सहदेव कुमेटी, विकास कोर्राम, श्रवण गावड़े, सुकलुराम गावड़े, नवलू राम गावड़े, सानुराम कुमेटी, नोहरलाल, बृजलाल नरेटी, महेंद्र यादव, रमेश यादव, हेमंत गावड़े, चमन नरेटी, मोहन नरेटी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का संभाग स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मिला

# नवपदस्थ संयुक्त संचालक से प्रशासकीय मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का संभाग स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बस्तर संभाग के नव पदस्थ संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडे से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उन्हें बस्तर आगमन पर बधाई दिया और विभिन्न शिक्षकीय, प्रशासकीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया।

संयुक्त संचालक ने अवगत कराया कि वे आगामी 15 अगस्त तक संभाग में रिक्त माध्यमिक प्रधान पाठकों के पद पर पदोन्नति दे देंगे उसके बाद उच्च श्रेणी शिक्षकों के पद भी पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। संलग्नीकरण पर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उन्होंने शासन के निर्देश के बाद भी मूल शाला में नहीं लौटने वाले शिक्षकों पर तो वे कार्यवाही करेंगे ही बल्कि उनको प्रश्रय देने वाले अधिकारियों पर भी कार्यवाही करने की बात प्रमुखता से कही। पूरे संभाग में विभिन्न कार्यालयों में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी जानकारी ली जा रही है उन्हें भी शाला में वापस किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण पर उनकी तीखी नजर है वे इसे सुलझाना चाहेंगे। छात्रावास अधीक्षक के रूप अन्य विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पर उन्होंने सख्त रुख दिखाया और एक डीईओ से तत्काल रिपोर्ट तलब की। शिक्षक संघ ने उन्हें सकारात्मक और सक्रिय सहयोग का वादा किया और साथ ही उम्मीद भी जाहिर किया कि उनके पदस्थापना से शिक्षकों के मान सम्मान और स्वाभिमान अक्षुण्ण रहेगा।

इस अवसर पर संजय ठाकुर, कृष्णदत्त राय, डमरूधर पांडे, टिकेश ठाकुर, शैलेन्द्र भदौरिया, हरीश पाठक, देवदास कश्यप, निर्मल शार्दूल, अमर सिंह नाग सहित संभाग भर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### आपदा पीड़ित परिवार...

डौण्डी जिला बालोद के ग्राम जमही निवासी 51 वर्षीय रामचंद कड़यिाम की डबरी, तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित बिसरो कौड़ो को चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### धनेली से पटेलपारा...

कि जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशाशन से मांग कर चुके है, परंतु आज पर्यन्त तक ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पाया। पटेल पारा में लगभग 58 परिवार निवासरत जिसकी आबादी 230 से ऊपर है। पटेलपारा में क्रंकीट सड़क नहीं होने से बरसात के दिनों में पूरे रास्ते में कीचड़ होने से लोग दिन के समय तों किसी तरह आना जाना कर लेते है, परंतु रात में सड़क पर कीचड़ एवं गड्ढो में जलभराव होने से सड़क कहाँ और गड्ढो को पता नहीं चल पाता है।

### खाना बनाने को...

कही। कलयुगी शराबी बेटे से पिता परेशान हो गया है और मारपीट के बाद घटना की जानकारी चारामा पुलिस को दिया। पिता ने पुलिस को बताया कि छोटा बेटा इस उम्र में शराब पीकर मेरे साथ मारपीट करता रहता है। और परेशान करता रहता है। कलयुगी बेटे की हकरत से अत्यधिक पिता परेशान हो गया तो बचने के लिए थाना में शरण लेने पहुँचा। बुजुर्ग पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छोटे बेटे विजय कुमार यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कच्चे के स्कूल...

के दौरान कक्षाओं में भी पानी टपकता है, जिससे बच्चों को बैठने में भी परेशानी होती है। भवन पहले से ही छोटा है और छात्रों की संख्या अधिक हो गई है। खेलने की जगह भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बाधित हो रहा है। कच्चे का हाई स्कूल इन दावों को झुठलाता है। विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को ऐसे खंडहरनुमा भवन में प्रैक्टिकल करना पड़ रहा है, जहां की खिड़कियां बंद नहीं होतीं, दरवाजे सड़ चुके हैं और छत का स्लैब कभी भी गिर सकता है। ऐसे कमरे में कीड़े-मकोड़े और चूहे भी अपना अड्डा जमा चुके हैं। सरकार द्वारा भेजे गए प्रैक्टिकल उपकरण भी इस जर्जर कमरे में कबाड़ की तरह पड़े हुए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वास्तव में बच्चों को प्रयोगात्मक ज्ञान दिया जा रहा है या सिर्फ आंकड़ों में शिक्षा को सुधारने की बात की जा रही है। । सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के प्रयास कर रही है, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर स्कूल की मरम्मत न करके उसकी राशि को हड़प लिया है, जिसकी जाँच करके जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की माँग उठने लगी है।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**सुकमा।** ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरएसईटीआई सुकमा द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 16 जुलाई से 14 अगस्त तक संचालित होगा। जिसमें केवल पुरुषों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण निःशुल्क है। जिसमें प्रतिभागियों के रहने व भोजन की व्यवस्था आरसेती द्वारा की जाएगी।

### गंजेनार में चलाया गया स्टॉप डायरिया कैंपिंग



**दंतेवाड़ा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विभाग द्वारा वर्षाजनित मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जिले के ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत गंजेनार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्टॉप डायरिया कैंपिंग के तहत पेयजल परीक्षण, पेयजल स्त्रोतों के समीप स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल के सेवन, पर आधारित रैली निकाली गई। उक्त रैली में महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा डायरिया, के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और साथ में ही पानी का संरक्षण और पानी की परीक्षण के विषय में भी बताया गया।

### बाल विवाह मुक्त कार्यशाला आज

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त दंतेवाड़ा अभियान के संचालन हेतु शासन द्वारा घोषित नवनियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 18 जुलाई को किया जायेगा।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का हल्ला बोल

# बिजली दरों में वृद्धि और लकड़ी भुगतान में देरी पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आम जनता और किसानों के हक के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राज्यपाल के नाम अलग-अलग ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए किसानों की समस्याओं और आम जनता पर महंगाई के बढ़ते बोझ पर चिंता जताई है।

■ किसानों को हक नहीं मिला और महंगी बिजली से राहत नहीं दी गई तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा

कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चौथी बार बिजली दरें बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाल रही है। वर्तमान में पुनः घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10-20 पैसे, गैर-घरेलू के लिए 25 पैसे और किसानों के कृषि दर पर 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी की गई है।



सरकार बिजली आपूर्ति भी पूरी नहीं कर पा रही और अघोषित कटौती से जनता परेशान है। कांग्रेस ने इस फैसले को वापस लेने और दरें कम करने की मांग की है। किसानों द्वारा वैध रूप से काटे गए पेड़ों के परिवहन और भुगतान में जानबूझकर देरी की जा रही है। वन विभाग के नियमों के तहत 30 दिन में भुगतान होना चाहिए, लेकिन दंतेवाड़ा वनमंडल में 10 से 12 माह तक किसानों का पैसा अटका पड़ा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है। कई किसानों के कटे पेड़ वर्षा ऋतु के कारण खराब हो रहे हैं। साथ ही, वन विभाग कम मूल्य तय कर किसानों को उनका उचित हक भी नहीं दे रहा। कांग्रेस ने मांग की है कि तत्काल परिवहन और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर किसानों को उनका हक नहीं मिला और महंगी बिजली से राहत नहीं दी गई तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विमल सुराना, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम के अध्यक्ष अनिल कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रविश सुराना, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जवाहर सुराना, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आसिफ रजा, पार्षद सोहन यादव, शैलेन्द्र कौमार्य, दिनेश गुप्ता, नाहरू कोवासी, रजत दहिया, सुरेश लेकामी, मनीराम हपका, मड्डा राम वेक, रोबर्ट साइमन, देवेंद्र राठौर, लखमू नेताम, अरुण मंसूरे, चंदा नाग, भगत नाग, बीजू पीटर, जीतेन्द्र मंडावी, प्रदीप बघमरिया, विकास देवांगन समेत दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर कर समर्थन दिया है।

## परिवहन विभाग की कार्यवाही, 57 लोगों से वसूले 28 हजार



**सुकमा।** बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा दिए गए निदेर्शों के परिपालन में बुधवार को परिवहन विभाग के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 40 लोगों, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले 7 एवं अन्य 10 लोगों के ऊपर नियमानुसार लगभग 28,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे ने बताया कि बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए वाहन चालकों से नियमानुसार हेलमेट लगाकर और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की की अपील की गई है। सड़क में चलते हुए फोन पर बात करना, शराब पीकर वाहन चलाना, तेज आवाज वाली हॉर्न बजाना और गलत साइड में गाड़ी चलाना वर्जित है। 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग बच्चे और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। नियमों को तोड़ने वाले लोगों के ऊपर लगातार कार्यवाही की जाएगी। वाहन चलाते हुए सड़क पर आवश्यक सावधानी रखना बहुत जरूरी है।

## बस्तर विधायक को मिला उत्कृष्ट विधायक सम्मान



**भोण्ड।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक लखेश्वर बघेल को संसदीय दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर पर उन्हें आज विधानसभा परिसर रायपुर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रेक्षागृह में आयोजित उत्कृष्टता अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधायक को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह आयोजन सायं 6 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें विधानसभा के अनेक सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। राज्यपाल ने संबोधन में विधायक लखेश्वर बघेल की प्रतिबद्धता, जनसेवा और सक्रिय विधायी भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं जो जनता के हितों को सर्वोपरि मानते हैं। विधायक ने सम्मान प्राप्त करने के उपरांत अपने उद्बोधन में कहा, यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि बस्तर की जनता के आशीर्वाद और सहयोग का प्रतीक है मैं अपने कर्तव्यों के प्रति पहले से भी अधिक प्रतिबद्ध रहूंगा। इस गरिमामय समारोह ने न केवल जनप्रतिनिधियों की कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता दी, बल्कि प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव को भी दर्शाया।

## लखपति दीदी नायिकाओं की कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का सांसद ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

संयुक्त जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में लखपति दीदी नायिकाओं की कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का सांसद महेश कश्यप ने विमोचन किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे मौजूद थे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के नेतृत्व में जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे दीदियों की सफलता की कहानी को एक जगह संग्रहित कर कॉफी टेबल पुस्तक का निर्माण किया गया है। इसके अन्तर्गत बिहान योजना के तहत बनाए गए इस लखपति दीदी दंतेवाड़ा की नायिकाएं कॉफी टेबल बुक में जिले की 60 से अधिक दीदियों की सफलता की कहानी को संजोया गया है। जिसमें मिशन के मार्गदर्शन से दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आजीविका गतिविधियों को अपना कर उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि कर अपने आय को बढ़ावा देने के प्रयासों को रेखांकित किया गया हैं।

## माईजी की नगरी में मनाई जाएगी तुलसी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

महान ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती इस वर्ष 31 जुलाई को मनाई जाएगी। इस मौके पर दंडकारण्य यानी बस्तर में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के मेंडका डोबरा मंच पर राज्य स्तरीय तुलसी जयंती महोत्सव का आयोजन होगा। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ द्वारा यह महोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है।

■ श्रीतुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष ने दंतेवाड़ा में ली बैठक

भव्यता, दिव्यता और उल्लास के वातावरण में यह आयोजन होगा। इसकी व्यापक तैयारी के लिए प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख व उनकी टीम ने गायत्री मन्दिर में जिला इकाई की बैठक ली। प्रदेश कोषाध्यक्ष छगन हृदय राम सोरी, गुप्तेश्वर बघेल, राजेश नेताम, मोतीलाल राठौर, आयोजन समिति के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष खिम्मन सिन्हा, उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, सचिव परीक्षित मंडावी, नीलम ठाकुर, नरेंद्र कुमार साहू,



शैलेंद्र ठाकुर, संरक्षक संतोष चौहान, विजेंद्र नाथ जिया सहित मानसप्रेमी सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। आयोजन को भव्य बनाने प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख, जिलाध्यक्ष खिम्मन सिन्हा, गिरधर गोस्वामी ने अपने विचार रखे।

### व्यवस्थित होगा आयोजन

आयोजन को सुचारू व समयबद्ध तरीके से संपादित करने, शोभायात्रा से लेकर मंच व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक, बैठक , भोजन, पेयजल, आवास, स्वागत मानस मंडलियों, मंच संचालन, कार्यक्रम में अतिथियों के चयन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

### विधायक ने जताई प्रसन्नता

प्रतिष्ठान के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर कार्यक्रम आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। विधायक अटामी ने श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के इस सांस्कृतिक जागरण के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस आयोजन में वे तन मन और धन से सहयोग करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने प्रतिष्ठान के कार्यों और उद्देश्यों को रेखांकित किया।

## माओवादी प्रभाव से निकलकर विकास की राह पर अग्रसर पुवर्ती गांव

**सुकमा।** नक्सलवाद से प्रभावित बस्तर अंचल का एक नाम जो आज उम्मीद और बदलाव की मिसाल बनकर उभरा है, वह है माडवी अर्जुन। सुकमा जिले के अति-दुर्गम और माओवादी हिंसा से वर्षों त्रस्त रहे पूवर्ती गांव के इस बालक ने जवाहर नवोदय विद्यालय, पेंटा दोरनापाल में छठवीं कक्षा में चयन पाकर इतिहास रच दिया है। माडवी अर्जुन जिस पूवर्ती गांव का रहने वाला है, दरअसल वह नक्सलियों के कमांडर हिड़मा का पैतृक गांव है। एक दौर था, जब पूवर्ती नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। यहाँ माओवादी जन अदालत लगाकर आतंक और ग्रामीणों के भाग्य का फैसला सुनाते थे। अब वही पूवर्ती गांव, शिक्षा और विकास के नए सूरज की किरणें देख रहा है। अर्जुन की इस उपलब्धि ने यह दिखा दिया है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों, अगर अवसर और मार्गदर्शन मिले तो सफलता जरूर मिलती है। अर्जुन वर्तमान में बालक आश्रम सिलगेर में पढ़ाई कर रहा था। उसके घर में न बिजली है, न पक्की छत। उसके माता-पिता खेती और मजदूरी कर किसी तरह अपना घर चलाते हैं। फिर भी, अर्जुन ने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण से यह उपलब्धि अर्जित की। पूवर्ती जैसे क्षेत्र जहां पहले सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं, अब वहां सड़क निर्माण, सुरक्षा बलों के कैंप, गुरुकुल विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं और उचित मूल्य दुकानें शुरू हो चुकी हैं। पूवर्ती में अब बच्चों की पढ़ाई के लिए सुरक्षा बलों की देखरेख में चल रहे गुरुकुल ने एक प्रेरणादायी माहौल देना शुरू किया है। अर्जुन की सफलता इसी सतत प्रयास की पहली बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर देवेश ध्रुव ने कहा कि पूवर्ती जैसे दुर्गम और घोर माओवाद प्रभावित गांव के बच्चे का नवोदय विद्यालय में चयन, न केवल अर्जुन की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह जिले की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। हम हर बच्चे को आगे बढ़ने का मौका देते हैं।



## कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल के खुलते ही कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में प्रशासनिक कसावट लाने लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में बुधवार को कलेक्टर ने सुकमा विकासखंड में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान वे प्राथमिक शाला नींबूपदर, आंगनबाड़ी केंद्र उदलातराई, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उदलातराई, आंगनबाड़ी केंद्र राजामुण्डा, बालक आश्रम राजामुंडा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजामुंडा, शासकीय प्राथमिक शाला मुरेपाल, आंगनबाड़ी केंद्र मुरेपाल, प्राथमिक शाला कोडरीकोसम, प्राथमिक शाला दारीपारा, आंगनबाड़ी केंद्र छोटापारा और आंगनबाड़ी केंद्र पाकेला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनके पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूछे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए मूलभूत व्यवस्था दुरुस्त करने बैठने के



लिए दरी, अच्छा वालपेंटिंग करने, गर्भवती माताओं को पूरक पोषण आहार और नियमित टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उन्हें रेफरल सेंटर भेजने और खेल खेल में पढ़ाई करने के निर्देश दिए। बच्चों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई।

स्कूलों और आश्रम शालाओं में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शाला त्यागी बच्चों के घर घर जाकर उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करने और बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बच्चों को घर में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने और पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई। शौचालय में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## नियमित रूप से विद्यालयों का अवलोकन करने निर्देश



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के अधिकारियों और संकुल समन्वयकों ने संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडेय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शिक्षकीय नवाचार, शाला संचालन की गुणवत्ता, निरीक्षण व्यवस्था और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। पांडेय ने अधिकारियों और संकुल समन्वयकों को नियमित रूप से विद्यालयों का अवलोकन करने और शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारियों और शिक्षकों को अपने आचरण में सालिनता और समर्पण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने ने सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक मजबूत टीम ही मजबूत शिक्षा व्यवस्था की नींव होती है। इस मुलाकात में बस्तर विकासखंड के बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी अजम्बर कोर्राम और ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## बालक आश्रम हितामेटा बना भ्रष्टाचार का अड्डा: तुलिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

आदिवासी बच्चों के नाम से आने वाले फंड का दुरूपयोग अगर आपको देखना है तो एक बार बारसूर के हितामेटा स्थित बालक आश्रम देख लिजिए। इस आश्रम में बच्चों के लिए ना तो ठीक से सोने के लिए बिस्तर है और न ही शौच के लिए बाथरूम। वहीं अगर कागजों में देखगें तो आपको पूरी व्यवस्था एकदम ठीक-ठाक दिखेगी।

दरअसल कुछ दिन पहले जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने हितामेटा बालक आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में व्याप्त समस्याओं को देख तुलिका कर्मा ने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया कि बालक आश्रम हितामेटा में बच्चों के सोने के लिए बिस्तर पूरी तरह टूटा-फुटा है। शौच के लिए बाथरूम नहीं है वहीं मच्छर दानी तक अधीक्षक के तरफ से उपलब्ध नहीं कराया गया है। बच्चों ने तुलिका को बताया कि मीनू अनुसार भोजन भी नहीं मिलता, हर दिन सिर्फ दाल-चांवल खिलाया जाता है। तुलिका ने कहा कि कागजों में आश्रम पूरी तरफ सही पर धरातल पर इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। कुछ दिनों पहले योगा मेट की खरीदी की गई थी। लगभग 300 नग योगा मेट की खरीदी कागजों में दर्ज है पर आश्रम में सिर्फ 3 योगा मेट मिले वो भी काफी पुराने हो चुके हैं। विभाग से बजट दिया जा रहा है पर अधीक्षक द्वारा उसे बच्चों

■ आश्रम में ना तो बिस्तर और ना ही शौच के लिए बाथरूम



के लिए नहीं बल्कि अपने लिए खर्च किया जा रहा है।

तुलिका ने बताया कि यही है भाजपा सरकार में विष्णु देव का सुशासन, जहां बच्चों को आश्रम में पेट भर खाना तक नसीब नहीं हो पा रहा है। रजिस्टर में दर्ज है कि बच्चों के लिए जूते आए हैं पर उन्हें दिया नहीं गया है। बताया जाता है कि आदिवासी बच्चों का हक मार अधीक्षक ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है, जिसकी भी जांच होना आवश्यक है। अधीक्षकों को 24 घंटे आश्रम में रहने का नियम है। हितामेटा के अधीक्षक कभी कभार ही आश्रम पहुंचते हैं फिर घर निकल जाते हैं। आश्रम में हर तरफ सिर्फ अव्यवस्था का ही आलम है। बच्चे अपने घर से लाए हुए चादर-कंबल ओढक़र सोते हैं। बारिश के मौसम में शौचालय नहीं होने के कारण बाहर जाते हैं। वहीं मच्छरों से बचने आश्रम में मच्छरदानी तक नहीं है। इस मामले को लेकर तुलिका ने कहा कि जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात कर अधीक्षक को हटाने व आश्रम की व्यवस्था सुधारने पहल की जाएगी।

## योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ धरातल पर पहुंचाना बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीजापुर जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने, गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक बस्तर पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो जाएगा।

केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की अनेको महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित है। अतः केन्द्र और राज्य शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर शतप्रतिशत क्रियान्वयन जरूरी है। बीजापुर जिला में विपरीत परिस्थिति और कठिन चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य कर रही है। हमारे जांबाज जवानों ने सुरक्षा




व्यवस्था को अपने हाथों में लिए हैं, जिससे जिला प्रशासन अब पूरी मुस्तैदी के साथ योजनाओं को पहुंचा रही है। हमें और भी बेहतर समन्वय के साथ पूरे समर्पण के भाव से योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि आदिवासी बाहुल्य बीजापुर जिला में निरंतर विकास की गति बढ़ते रहे। कभी माओवादी के आतंक के रूप में जानने वाला जिला अब शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सड़क, बिजली, पानी, कनेक्टिविटी सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए मशहूर हो रहा है। बस्तर क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिससे विश्व पटल पर अब पर्यटन के लिए उभरते नजर आ रहा है। माओवाद के समूल खात्मे के बाद विकास की गति और तेज होगी। जिससे शासन-प्रशासन को और कड़ी मेहनत लगन और समर्पण के साथ पूरी ऊर्जा के साथ विकास के कार्यो में अपनी सहभागिता देनी होगी। बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के समग्र विकास हेतु संचालित योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन मे आने वाली चुनौतियों को भी बताया। जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के योजनाओं की प्रगति संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किए।

जिसमें प्रधानमंत्री आवास, नरेगा, राष्ट्रीय आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय समाजिक, सहायता कार्यक्रम, जल जीवन मिशन, क्रेडा, प्रधानमंत्री कृषि, सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय भूअभिलेख आधुनिकीकरण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, एकीकृत बाल विकास योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आधारभूत संरचना, प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण सहित विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा हुई।

## प्रशिक्षणार्थियों को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने दिया मार्गदर्शन



**सुकमा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा में प्रथम पूर्व प्रशिक्षणार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां शारदे की पूजन-वंदन कर किया गया। जिसमें सभी व्यवसाय के पूर्व प्रशिक्षणार्थीगण एवं प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। जिसमें नायनी जंगय्या सामाजिक कार्यकर्ता वनवासी कल्याण आश्रम मुख्य अतिथि मोहन ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, सोलोमन गाड़ा नीलकण्ठ बघेल, ईश्वर कश्यप, इंदर कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा आईटीआई की महत्ताबताते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान की गयी। संस्था के प्राचार्य नीलेश कुमार नेताम तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा पूर्व प्रशिक्षणार्थी मिलन सामारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**// उद्‌घोषणा //**

**रा.प्र.क्र./202507140400021/अ-6/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अरुणा चक्रवर्ती पति स्व. अजय कुमार चक्रवर्ती निवासी राजापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला राजापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 13 डी, प्लॉट नं. 37/1, क्षेत्रफल 312 व.मी., मकान मय हाता, वार्षिक भू भाटक 63.68 रू. अजय कुमार पिता अजीत कुमार नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार अजय कुमार पिता अजीत कुमार की मृत्यु दिनांक 08.10.2024 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक पट्टेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने मेन्टेनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार की छायाप्रति, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

(मुहर)

**नजूल अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे व्यवहारी 01. वेदप्रकाश 02. चंदन दोंनो पिता श्री विष्णुराम जाति कोष्टा निवासी ग्राम गिरहोला तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) ने एक मुख्तयारनामा आम पंजीकृत मुख्त्यारनामा आम दिनांक 12.04.2024 को समक्ष उप-पंजीयक महोदय कांकेर के समक्ष अपनी संपत्ति स्थित ग्राम गिरहोला, प.ह.न.07, रा.नि.म. चारामा, तहसील चारामा जिला कांकेर (छ.ग.) जिसका खसरा नम्बर 200/2, रकबा 0.21 हेक्टेयर है बाबत अपने परिचित श्री नवीन शर्मा पिता श्री राजेश शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नंबर 10, ग्राम सिरौदखुर्द तहसील कुकरेल जिला धमतरी के पक्ष में हमारे नाम की संपत्ति के सर्वकार्य देख-रेख मामले, मुकदमे, हस्तांतरण हेतु तहरीर किया था । हमारे द्वारा उपरोक्त आम मुख्तयारनामा जिसका पंजीयन 12.04.2024, पुस्तक क्रमांक 4, ग्रन्थ क्रमांक 52, पृष्ठ क्रमांक 207 से 224 दस्तावेज क्रमांक सी.जी.-2024-25-196-4-4 को किया गया था, जिसे पंजीकृत आम मुख्त्यारनामा निरस्तीकरण दिनांक 18.06.2025, पुस्तक क्रमांक 4, ग्रन्थ क्रमांक 56, पृष्ठ क्रमांक 405 से 420 दस्तावेज क्रमांक सी.जी.-2025-26-196-4-18 समक्ष उपपंजीयक महोदय कांकेर के निरस्त कर दिया गया है। अतः सर्व-साधारण को सूचित हो कि हमारे मुख्त्यार आम नवीन शर्मा पिता श्री राजेश शर्मा निवासी ग्राम सिरौदखुर्द तहसील कुकरेल जिला धमतरी से हमारे नाम की संपत्ति स्थित ग्राम गिरहोला प.ह.न.07, रा.नि.म. चारामा, तहसील चारामा जिला कांकेर (छ.ग.) जिसका खसरा नम्बर 200/2, रकबा 0.21 हेक्टेयर बाबत किसी भी तरह का कोई लेन-देन यथा खरीदी-बिक्री या किसी तरह का कोई भी संव्यवहार ना करे, चूंकि मेरे व्यवहारीगणों ने स्वयं के निष्पादित मुख्त्यारनामा आम दिनांक 12.04.2024 को पंजीकृत आम मुख्त्यारनामा निरस्तीकरण दिनांक 18.06. 2025 के द्वारा निरस्त कर दिया गया है, जिसके आधार पर श्री नवीन शर्मा हमारे मुख्तयारआम नहीं रहे है।

उपरोक्तानुसार सर्व-साधारण सूचना जाने ।

**दिनांक : 17.07.2025**
**स्थान : धमतरी (छ.ग.)**

भवदीय
**कीर्ति शाह (एडवोकेट /नोटरी)**
**श्री जगदीश मंदिर स्ट्रीट, धमतरी (छ.ग.)**

# देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए महिलाओं ने तैयार किया रक्षासूत्र व पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महतारी वंदन योजना से लाभांवित होने वाली महिलाओं ने देश की रक्षा में सीमा पर तैनात जवानों के लिए रक्षासूत्र एवं पत्र तैयार किया, जिसे उन तक पहुँचाने के लिए सांसद भोजराज नाग को सौंपा। महिलाओं ने सांसद से कहा कि यह पत्र और रक्षासूत्र उन तक आपको पहुँचाना है।


जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महतारी वंदन योजना से लाभांवित होने वाली महिलाओं ने सांसद से रक्षासूत्र व उनके द्वारा लिखे गए पत्र को देश की सरहद पर डटे सैनिकों तक अवश्य पहुंचाने का आग्रह किया। सांसद ने महिलाओं के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि हम देश के भीतर तभी सुरक्षित हैं, जब तक सीमा पर चौबीसों घण्टों वीर सैनिक मुस्तैद होकर हमारी रक्षा में डटे हुए हैं।


देश के जांबाज प्रहरियों के लिए रक्षा सूत्र भेजना देशभक्ति की भावना को इंगित करता है। महिलाओं ने कहा कि जिले की महिलाओं ने पत्र एवं रक्षासूत्र तैयार किया है और उनकी यही आशा है कि कांकेर की महिलाओं का यह पत्र देश की सीमा पर डटे सैनिको तक जरूर पहुँचे।

## महिलाओं ने जवानों तक पत्र एवं रक्षासूत्र पहुंचाने सांसद को सौंपा

### कलेक्टर ने किया आव्हान

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने जिले की सभी महिलाओं से अपील की है कि अपने प्राणों की आहुति देकर भी कर्तव्य पथ पर अडिग व अविचल रहने वाले वीर सैनिकों को रक्षासूत्र अवश्य प्रेषित करें, ताकि किसी भी जवान की कलाई सूनी न रहने पाए। जिस तरह से वे अपने देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, उनके लिए प्रत्येक के हृदय में संवेदना होनी चाहिए। उन्होंने इस बार भाई-बहन के इस पवित्र पर्व को देश के वीर प्रहरियों के नाम समर्पित करने का अनुरोध जिले के सभी महिलाओं से किया है।





### ये रहे उपस्थित

सांसद को रक्षासूत्र एवं पत्र सौंपने के दौरान कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विपिन जैन सहित जिला व जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### शराब पिलाने की बात को लेकर युवक ने की मारपीट

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम तालाकुर्रा में युवक ने अपने पिता को शराब पिलाते हो बोलकर अन्य ग्रामीण के साथ मारपीट किया। मारपीट को शिकार हुए ग्रामीण ने कोरर थाना में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे तालाकुर्रा निवासी 45 वर्षीय कमल किशोर पदमाकर पिता मनराखन पदमाकर ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे अपनी मोटर सायकल से बस्ती की ओर निकला था। मानक टांडिया के दुकान के सामने राजेन्द्र जैन मिला और बोला कि आज ग्राम पंचायत में सचिवालय है, हम लोग सोचे है कि आपको वन समिति का अध्यक्ष चुनेंगे, चलो मुझे आप पंचायत कार्यायल तक छोड़ दो। मै मोटर सायकल में बैठाकर पंचायत कार्यालय ले गया। पंचायत कार्यालय बंद होने के कारण पास में पटवारी क्वार्टर है। वहां कुछ देर बैठेंगे सोचकर पटवारी क्वार्टर में गए, जहां पर राजेन्द्र जैन का लड़का देवा जैन पहले से बैठा हुआ था। मुझे देखकर बोलने लगा कि मेरे बाप को शराब पिलाता है और बर्बाद कर दिया है। आरोपी गाली देते हुए मेरा गला पकड़कर दिवाल में ठोकर मारा तथा तीन चार थप्पड़ मेरे गाल में जड़ दिया। मारपीट से गला व सिर में चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर कोरर पुलिस ने आरोपी देवा जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### हर जरूरतमंद को पक्का मकान दिलाने का लक्ष्य

**जगदलपुर।** बस्तर जिला अंतर्गत लोहंडीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गढ़िया में सरपंच भरत कश्यप एवं पंचों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास का वेरिफिकेशन और अपूर्ण आवास को ग्रामवासियों से जल्द पूर्ण कराए जाने को लेकर ग्रामसभा का आयोजन संपन्न हुआ।

## आयोजन: 2047 तक भारत को विकसित करने में अपनी भूमिका निभाएं अधिकारी : सांसद

# दिशा की बैठक में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की हुई समीक्षा, बेहतर काम करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- योजनाें के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य और प्रगति की जानकारी दी गई

जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों में संचालित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की योजनावार एवं विभागवार समीक्षा किया। इस दौरान सांसद भोजराज नाग ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित दिशा की बैठक में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, उस दिशा में अधिकारीगण पूरी जिम्मेदारी, इच्छाशक्ति और लगन से अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें।

इसी तरह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में सभी विभाग प्रमुख अपनी सक्रिय भूमिका एवं सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं को सभी अधिकारी गंभीरता और संजीदगी से लें, क्योंकि आमजनता की सेवाओं एवं सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा योजनाएं संचालित की जाती हैं। बैठक में सभी अधिकारीगण निर्धारित एजेण्डा के संबंध में पूरी तैयारी एवं जानकारी के साथ उपस्थित रहें और साथ ही योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों को अवगत अवश्य कराएं ताकि आमजनता को इनका वास्तविक लाभ मिल सके। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों में संचालित केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दिया। इस दौरान पिछली बार आयोजित दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में विभागों के अधिकारियों के द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों में संचालित केन्द्रीय योजनाओं की सिलसिलेवार जानकारी दी गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ग्राम पंचायत विकास योजना इत्यादि के क्रियान्वयन के संबंध में बताया गया।






इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क मार्ग निर्माण, जल संसाधन विभाग के तहत जल प्रबंधन कार्यक्रम, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, जल निकायों का नवीनीकरण एवं पुनरूद्धार तथा सतही लघु सिंचाई लक्ष्य के विरूद्ध अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना के जिले में क्रियान्वयन एवं प्रगति की जानकारी कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा दी गई। इसी तरह नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्मार्ट सीटी मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग के अधीन राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य और प्रगति की जानकारी दी गई।

पशुधन विकास विभाग के अधीन संचालित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, महिला एवं बाल विकास के तहत एकीकृत बाल विकास योजना, कुपोषण की स्थिति, भवन निर्माण की आधारभूत जानकारी, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना की भौतिक प्रगति की समीक्षा सांसद द्वारा बैठक में की गई। इसी तरह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के क्रियान्वयन के बारे जानकारी दी गई। डिजिटल इंडिया, आदिवासी विकास विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएम पोषण शक्ति निर्माण, समग्र शिक्षा, पीएमश्री स्कूल विकास की जानकारी बैठक में दी गई। इसके अतिरिक्त खाद्य विभाग के तहत संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री कौशल विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, जिला खनिज न्यास निधि का आबंटन, सांख्यिकी विभाग द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो इंडिया कार्यक्रम, श्रम विभाग के अधीन संचालित ई-श्रम पोर्टल और राष्ट्रीय पैरियर सेवा, लीड बैंक मैनेजर द्वारा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खोले गए खातों की जानकारी बैठक में दी गई। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग, मछली पालन विभाग सहित विभिन्न विभागों में संचालित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं भौतिक प्रगति के संबंध में जानकारी बैठक में दी गई।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला पंचायत सदस्यों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं व स्थानीय जनता की मांगों से सांसद तथा अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### युवा कौशल दिवस पर कैरियर काउंसिलिंग का हुआ आयोजन



**कांकेर।** युवा कौशल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना अंतर्गत कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार 15 जुलाई को युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की थीम पर बालिकाओं के बेहतर भविष्य के लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उमावि किया गया, जिसमें कक्षा 10 वीं, 11 वीं एवं 12 वीं की सभी छात्राएँ सम्मिलित हुईं। उक्त कार्यशाला में कैरियर मार्गदर्शन विशेषज्ञ सुनील नेताम ने छात्राओं को विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाएँ की तैयारी, परीक्षाओं का स्तर एवं बेहतर भविष्य के विजन के संबंध में जानकारी दिया गया।

### जिले में अब तक 4112 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 4112.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 555.5 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 160.4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 209.6 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 437.2 मिलीमीटर, दुर्गुकोंदल में 510.6 मिलीमीटर, चारामा में 372.7 मिमी., अंतागढ़ में 440.1, पखांजूर में 360.3, नरहरपुर में 312, सरोना में 272.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 481.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में भानुप्रतापपुर तहसील में सबसे अधिक 19.8 मिलीमीटर और कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे कम 01 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

# कृषि उत्पादन जैविक खाद श्री विधि कतार के बारे में किसानों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- समूह की महिलाओं ने बताया, कैसे लगाएं



मिशन के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत बिहान समूह की महिलाओं के द्वारा किसानों को कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए समूह के माध्यम से किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में हाटकोंदल क्लस्टर के अंतर्गत ज्ञानदीप महिला संगठन सिवनी की महिलाएं प्रशिक्षक के रूप में ग्राम सिवनी में परदेसी राम मंडावी व शैलेंद्री मंडावी के कृषि भूमि में साग सब्जी के लिए खडी मचान और 36 बाई 36 के मॉडल सब्जी लगवाएं, जिसमें जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक दवाई मिलाकर बताया और किसानों को प्रेरित किया। किसनों को सब्जी उत्पादन के संबंध में विशेष मार्गदर्शन देते हुए मचान विधि कीटनाशक श्री विधि कतार विधि एवं जैविक खाद के बारे में विस्तार से किसानों को बताया गया और फसल की पैदावार में बढ़ोतरी उत्पादन एवं खाद बीज दवाई के बारे में बताया गया और लोगों को जैविक खाद के विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस तरह से विकासखंड में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा अपना अलग-अलग व्यवसाय मार्गदर्शन लोगों को दे रहे हैं। बीपीएम नंदिनी दीवान ने बताया कि विकासखंड में लगभग 1100 महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया है जो कि समूह की महिलाएं आजीविका मिशन के तहत अपना आय में बढ़ोतरी कर रहे हैं। लोगों को अपने आजीविका मिशन के तहत जानकारी दे रहे हैं, जिसका लाभ क्षेत्र के लोग ले रहे हैं। प्रशिक्षक महिला समूह के कृषि सखी रोशनी महावीर एवं महिला सहायता समूह की सक्रिय महिला भुवनेश्वरी जैन, माधुरी महावीर, संतो महावीर, भानबाई काकडे, सावित्री विश्वकर्मा एवं अन्य महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रदेश की जनता कांग्रेस के असली चेहरे से पूरी तरह वाकिफ है : धुन्ने

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राहुल सिंह धन्ने ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को आड़े हाथ लेते हुए उनपर झूठ फैलाने और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा दीपक बैज जैसे वरिष्ट कांग्रेसी नेता को यह शोभा नहीं देता कि वह बिना किसी तत्थ्य के राज्य सरकार के खिलाफ झूठे आरोप लगाए और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बदनाम करें। प्रदेश की जनता कांग्रेस के असल चेहरे से पूरी तरह वाकिफ है। उनकी स्वयं के पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है चाहे शराब घोटाला हो, महादेव ऐप घोटाला हो, पीएससी घोटाला हो, जिसमें लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया एवं सोलर लाइट घोटाला आदि कई ऐसे घोटाले उजागर हो रहे हैं, जिसमें कांग्रेस के नेताओं द्वारा लाखों करोड़ों रुपए का गबन किया गया और प्रदेश की जनता को विकास से वंचित कर दिया गया। उन्होंने एक जनजाति समुदाय, सामान्य पृष्ठभूमि से आए मुख्यमंत्री का अपमान किया है। यह पूरे जनजाति समाज का अपमान है। दीपक बैज को पूरे जनजाति समाज से माफी मांगनी चाहिए।



# निर्माण कार्य एवं स्कूलों का किया निरीक्षण, एक पेड़ माँ के नाम पर पौधे लगाने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम गोटूलमुंडा में चल रहे पाइप लाइन कार्य में लापरवाही की सूचना मिलते ही जनपद क्षेत्र लोहत्तर के जनपद सदस्य एवं सभापति विकास राजु नायक ने संज्ञान में लेते हुए ग्राम पहुंचकर कार्य करवा रहे सुपर वाइजर को कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसमें किसी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। सड़क किनारे पाइपलाइन में मिट्टी सही प्रकार से डालने के लिए कहा।

सिवनी के आश्रित ग्राम गोटूलमुंडा में चल रहे पाइप लाइन कार्य को संज्ञान में लेते जनपद सदस्य एवं सभापति विकास राजु नायक ने जल जीवन मिशन का मुख्य काम ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। इसका लक्ष्य 2026 तक सभी ग्रामीण घरों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके, जिसके अतिरिक्त यह मिशन जल स्रोतों के संरक्षण, जल की गुणवत्ता में सुधार और समुदाय की भागीदारी को भी सुनिश्चित करता है। ग्रामीणों की कई बार मांग करने के पश्चात कोई कार्य सेंशन होता है, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही से ग्रामीण जनों को परेशनीयों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार का कार्य अगर पाया जाता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो ठोस कार्यवाही की जाएगी। गोटूलमुंडा के माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला आमापारा सिवनी में पहुंचकर स्कूल की समस्याओं की जानकारी ली और शिक्षको स्कूलों का औचक निरीक्षण कर उचित शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि स्कूलों में पढ़ाई का माहौल अच्छा हो और छात्रों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्राथमिक शाला आमापारा में एक पेड़ माँ के नाम के तहत बच्चों को पर्यावरण के प्रति प्रोत्साहित कर कहा कि पेड़ जलवायु व वातावरण पर नियंत्रण रखते हैं। इस प्रकार पेड़ों के महत्व को बताते हुए लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित कियाऔर सभी को कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्त्ता बीरेंद्र जैन, सुदेश तोप्पा, ग्रामवासी शिवचरण सिन्हा, रेखा लाल विश्वकर्मा, सन्नूराम मतलामी, मोती राम उसेण्डी, छबिलाल मंडावी, चैती बाई मंडावी, वार्ड पंच-सुमित्रा मंडावी, प्रधान पाठक राम सुरोजिया, सहायक शिक्षक सविता सलामे उपस्थित रहे।



## हरिभूमि में प्रकाशन के उपरांत प्रशासन ने मामले की जाँच करने बनाई टीम

# सचिव पर लगे आरोपों की जांच करने कोयलीबेड़ा से पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

जनकपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम शांतिनगर गांव में पीएम आवास योजना को लेकर भारी हंगामा हुआ था। ग्रामीणों ने सचिव पर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन को लेकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और अपने करीबियों को पीएम आवास देने और पैसे लेकर भी आवास का आवंटन करने का आरोप लगाया था।

इस खबर को हरिभूमि ने 13 जुलाई के अंक में प्रकाशित किया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा से 17 जुलाई को जांच अधिकारी बाल कृष्ण बंजारे कार्यकरणी अधिकारी, सुदीप्त दे विकास खण्ड समवन्यक आवास, वंसी आँचला तकनीकी सहायक की जांच टीम जनकपुर पंचायत पहुंची। जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने सचिव का जमकर विरोध किया और उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच के साथ-साथ पंचायत सचिव को तत्काल हटाने की मांग की। ग्रामीण भावेश चक्रवर्ती व परितोष सरदार ने कहा जांच अधिकारी पहले पंचायत भवन में बैठकर जांच कर रहे थे, लेकिन मीडियाकर्मियों को देखते ही गांव में घूम-घूमकर जांच करने लगे, जिससे जांच अधिकारियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच अधिकारियों को मुख्य रूप से यह देखना चाहिए था कि 1965 के विस्थापित नागरिकों को पीएम आवास क्यों नहीं मिला, जबकि सचिव के करीबियों को दो-दो मकान कैसे स्वीकृत हो गए। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी भारी नाराजगी है कि जिन्हें वास्तव में घर की आवश्यकता है वे आज भी झिल्ली लगाकर जीवन-यापन कर रहे हैं। जबकि उनके नाम पर घर सिर्फ कागजों में दिखाए जा रहे हैं वहीं सचिव के करीबियों को दो-दो घर मिल गए हैं और वे बनकर तैयार भी हो चुके हैं। ग्रामीण राधाकांत सरकार का कहना है कि सरकार की योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिलना चाहिए, लेकिन सचिव की मनमानी से वे परेशान हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और उन्हें हटाया नहीं गया, तो वे कलेक्टर से शिकायत करेंगे।




### जांच के बाद सौंप दिया जाएगा दस्तावेज

जांच दल में शामिल कार्यक्रम अधिकारी बाल किशन बंजारे ने बताया कि उन्हें जांच के लिए भेजा गया था और जांच चल रही है। ग्रामीणों के अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठि वाला मामले की जांच हम नहीं कर सकते पर आवास की जांच किया जा रहा है और जांच के उपरांत सारा दस्तावेज को उच्च अधिकारी को सौंप दिया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411